# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–04 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पचीस संसद से पारित हो गया। राज्यसभा ने बारह घंटे की चर्चा के बाद इसे मंजूरी दी। एक सौ अट्ठाइस सदस्यों ने इस विधेयक के पक्ष में और पच्चानवे सदस्यों ने विपक्ष में मतदान किया। लोकसभा से यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है।

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पचीस का उद्देश्य विरासत स्थलों के संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ ही वक्फ परिसंपत्तियों का समुचित प्रबंधन करना है। विधेयक का उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं, विशेषकर विधवा और तलाकशुदा औरतों की आर्थिक तथा सामाजिक स्थिाति में सुधार लाना भी है।

विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस अधिनियम से मुस्लिम समुदाय के करोड़ों निर्धन लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ–सबका विकास के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है।

**भारत की जो सरकार है, किसी को धर्म के आधार पर तो आप अपना काम नहीं कर सकते। भारतीय नागरिक होने के नाते सबको एक दृष्टिकोण से हमको देखना होता है, सबको बराबर देखना होता है। जब मोदी जी ने कह दिया कि सबका साथ–सबका विकास, वही तो संविधान का स्पीरिट है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये विधेयक के पारित होने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में संसद के दोनों सदनों में वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने से वक्फ संपत्तियां अवैध कब्जे से मुक्त होंगी और भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी।

**********

वक्फ संशोधन बिल पारित होने और जुमे की नमाज को देखते हुए आज प्रदेश भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। अयोध्या जिले में टाट शाह मस्जिद में व्यापक सुरक्षा के बीच नमाज अदा की गई। जौनपुर जिले में ड्रोन कैमरे की मदद से स्थिति पर नजर रखी गई। वाराणसी जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च कर जनता के बीच सुरक्षा का संदेश दिया गया। श्रावस्ती जिले में भारत नेपाल सीमा पर विशेष सतर्कता रखी गई।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ विकास प्राधिकरण के महत्वाकांक्षी अनंत नगर आवासीय योजना के पंजीकरण की शुरूआत की। मोहान रोड पर सात सौ पचासी एकड़ में फैली इस योजना की लागत करीब छह हजार पांच सौ करोड़ रुपये है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योजना के लाभ के बारे में जानकारी दी और कहा कि सस्ती आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाना आज की आवश्यकता है।

***डेढ़ लाख लोगों को आवासीय सुविधा इसमें मिलेगी। इसमें दस हजार फ्लैट का निर्माण साठ प्लाट्स में करने का प्रावधान किया गया है। ईडब्लूएस एलआईजी श्रेणी के पांच हजार भवनों में पचीस हजार से अधिक लोगों के लिए आवासीय सुविधा का प्रावधान किया गया है।***

**********

रामनवमी के दिन अयोध्या धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के ऊपर रामपथ पर ड्रोन के जरिये सरयू नदी के जल के फुहारे डाले जाएंगे। यह जानकारी अयोध्या के जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने आज श्रीरामजन्मोत्सव का पोस्टर रिलीज करने के बाद मीडिया से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि छह अप्रैल को प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा।

**********

नवरात्र में आज मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर वाराणसी स्थित मां कलिका गली में पूरे दिन मां कालरात्रि देवी के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिनेता और निर्देशक पद्मश्री मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि मनोज कुमार का निधन कला एवं फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। फिल्म अभिनेता का आज सुबह सतासी वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। मनोज कुमार ने भारतीय दर्शकों को कई यादगार फिल्मे दी हैं, जिनमें उपकार, रोटी कपड़ा और मकान, क्रांति, शोर तथा पूरब और पश्चिम प्रमुख हैं।

**********

आईपीएल दो हजार पचीस के सोलहवें मैच में आज लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस की टीम के बीच खेला जाएगा। यह मैच लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से होगा।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं हल्की वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार इस अंचल में कुछ स्थानों पर आज वज्रपात भी हो सकता है। साथ ही आने वाले दो दिनों तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

**********